# हिंदुस्तान कोका-कोला बेवरेजेज मध्य प्रदेश में निवेश करेगी

## चर्चा में क्यों?

**भारत में कोका-कोला** की बॉटलिंग शाखा, **हिंदुस्तान कोका-कोला बेवरेजेज (HCCB)** ने मध्य प्रदेश में अपने **राजगढ़ संयंत्र** में दो विनिर्माण लाइनें स्थापित करने के लिये 350 करोड़ रुपए के निवेश की घोषणा की है।

## मुख्य बिंदु:

- यह घोषणा **उज्जैन में क्षेत्रीय उद्योग सम्मेलन** के दौरान की गई थी।
- पूंजी के हालिया निवेश से राजगढ़ में HCCB के कारखाने में 2 नई, अत्याधुनिक विनिर्माण लाइनें शुरू होंगी, जो **किफायती छोटे स्पार्कलिंग पैक (ASSP)** और **टेट्रा पैक जूस** का उत्पादन करेंगी।
- HCCB पहले ही मध्य प्रदेश में अपने राजगढ़ संयंत्र में वर्ष 2000 से 311 करोड़ रुपए से अधिक का निवेश कर चुका है।
    - कंपनी पूरे **भारत में फैली 13 फैक्ट्रियों** का संचालन करती है, जहाँ यह 8 श्रेणियों में 37 विभिन्न उत्पादों का निर्माण और बिक्री करती है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/hindustan-coca-cola-beverages-to-invest-in-madhya-pradesh